हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



## खबर संक्षेप

### सरपंच ने जरुरतमंदों को राशनकार्ड वितरित किया



**नगरी।** ग्राम पंचायत सिरसिदा के सरपंच नरसिंग मरकाम ने जरूरतमंद परिवारों को राशन कार्ड का वितरण किया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने अपनी कठिनाइयों से सरपंच को अवगत कराया था, जिस पर श्री मरकाम ने तुरंत पहल करते हुए आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर राशन कार्ड बनवाया और स्वयं घर-घर जाकर हितग्राहियों को सौंपा। इस अवसर पर सरपंच नरसिंग मरकाम ने कहा कि वे ग्रामवासियों की हर समस्या का त्वरित निराकरण करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। साथ ही शासन की योजनाओं को डोर-टू-डोर पहुंचाने का कार्य भी प्राथमिकता से करेंगे। नए राशन कार्ड प्राप्त कर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया।


### अब जीएसटी दर कम होने के फायदे गिना रही सरकार : मेश्राम



**धमतरी।** जीएसटी दर में कमी कर भाजपा सरकार द्वारा जनता को राहत देने की बात कही जाने पर कांग्रेस के पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम ने कहा कि 9 साल से गरीब, मध्यम वर्ग व्यापारियों की कमर तोड़नी वाली सरकार ने दूध, दही, पनीर, अगरबत्ती ,कपूर, कफ़न ,धार्मिक पूजन जैसी वस्तुओं में भी जीएसटी लगाया है वहीं भाजपा सरकार अब जीएसटी स्लैब (दर) कम होने के फायदे गिना रही है। भाजपा कार्यशाला लगाकर इसके फायदे गिना रही है। आगामी समय में बिहार, पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में चुनाव होना है इसलिए लोक लुभावने छूट कर जनता को ठगने का काम केंद्र की मोदी की सरकार द्वारा किया जा रहा है।

## निधन

### राधेश्याम साहू



**धमतरी।** ब्वायज स्कूल धमतरी में भौतिकी के व्याख्याता राधेश्याम साहू बागतराई (कुर्रा) निवासी का उनके गृहग्राम के निवास में बुधवार को निधन हो गया। वे पंकज प्रकाश साहू, ललित नारायण साहू, देवेश साहू, विजयलक्ष्मी साहू के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में समाज के सदस्य, ग्रामीण, स्कूल स्टाफ, विद्यार्थी सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### कामता प्रसाद साहू



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा निवासी कामता प्रसाद साहू 51 वर्ष का निधन 17 सितम्बर को हो गया। वे इन्द्रा बाई साहू के पति एवं उज्वल साहू के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार डांडेसरा के शांतिघाट में किया गया। मौके पर डेरहूराम, डेरहाराम, महेश, मोहन, जयकुमार, तारेन्द्र, कृष्णा, हेमलाल, निरंजन, सालिक, ताम्रध्वज, हितेश, सतीश, जालम, प्रीतम, होमन, राकेश समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं स्वजन शामिल रहे।

// आम सूचना //

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारों ने बी.पी.एन. रियलस्टेट एंड एलाटेड लिमिटेड द्वारा चेयरमेन एन. आर. बघेल पता-सिटीसेंटर ग्वालियर मध्यप्रदेश वाले से उनके हक, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो ग्राम-देमार प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. भोथली तहसील धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग) में स्थित है जिसका खसरा नं. 1509/1 रकबा 0.1400 हे., खसरा नं. 1509/2 रकबा 0.1500 हे., खसरा नं. 1510 रकबा 0.2700 हे., खसरा नं. 1511 रकबा 0.1900 हे., खसरा नं. 1512 रकबा 0.3700 हे., खसरा नं. 1513 रकबा 0.1600 हे., खसरा नं. 1514 रकबा 0.1500 हे., खसरा नं. 1516 रकबा 0.2600 हे. कुल खसरा नं. 08 कुल रकबा 1.6900 हेक्टेयर स्थित है जिसे क्रय करने की पक्की बात-चीत हो चुकी है केवल पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति विशेष फर्म, संस्था निकाय शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग या अन्य किसी वित्तीय संस्था या राष्ट्रीयकृत बैंक या सहकारी बैंक या अन्य किसी को भी कोई आपत्ति उजर दावा हो तो इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर अपनी आपत्ति मय आपत्ति के आधारो सहित लिखित में दर्ज करा देंवे अन्यथा म्याद उपरांत कि गई आपत्ति अमान्य मानी जावेगी। सूचना जाने।

उपरोक्तानुसार सर्वसाधारण को सूचित हो।

धमतरी
दिनांक-16.09.2025

भवदीय
अमरचन्द जैन अधिवक्ता
आमापारा वार्ड धमतरी (छ.ग.)
मो. 94255-16013

राजमिस्त्री मजदूर संघ कुरुद ने मनाई विश्वकर्मा जयंती, 800 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

# कामगार और मजदूर देश के निर्माण की धड़कन है : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

भगवान विश्वकर्मा हमें याद दिलाते हैं कि कोई भी देश केवल विचारों से महान नहीं बनता, बल्कि उसे महान बनने के लिए श्रम और कौशल के बल पर भरोसा करना होता है। यही बल किसी देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उक्त उद्गार विधायक अजय चंद्राकर ने बतौर मुख्य अतिथि जय विश्वकर्मा बाबा राजमिस्त्री मजदूर संघ कुरुद द्वारा आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह में दिए।

बुधवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव के नेतृत्व में संघ द्वारा नगर की आराध्य देवी मां चंडी माता की पूजा के बाद एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में 800 महिलाओं ने एक ही रंग के वस्त्र पहनकर सिर पर कलश रख नगर भ्रमण किया। यात्रा के दौरान रामसत्ता पार्टी और राउत नाचा वेशभूषा में भगवान श्री राम और भगवान कृष्ण के प्रेरणादायक दोहे लगाए। कलश यात्रा थाना चौक, दीनदयाल उपाध्याय चौक, पुराना बाजार चौक, सरोजनी चौक, कारगिल चौक, राजमिस्त्री संघ भवन और शांति नगर से होते हुए पुराना मंडी प्रांगण पहुंचर जहां भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की विधिपूर्वक पूजा- अर्चना की गई।

कार्यक्रम को बोलबम सेवा समिति प्रमुख भानु, नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, संघ के संरक्षक तोमन सोनबेर व सदस्य प्रसन्न नायडू ने भी संबोधित किया। रात्रिकालीन मनोरंजन हेतु मोर मया के संदेश नाचा पार्टी ग्राम चूल्हाभाठ जिला-नयापारा ( ओडिशा) का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, हरीश देवांगन उपाध्यक्ष, संतोष यादव कोषाध्यक्ष, पंच राम साहू संरक्षक, राजेश साहू, गुनीराम मोन, लल्लू राम साहू, सीताराम सिन्हा, भोजराज तारक, रामचंद साहू, सतीश साहू, चिरंजीव सोनबेर, गोविन्द साहू, खोमन लाल साहू, जोहितराम साहू, हीराधर निर्मलकर, परमानंद साहू, दीपक, डायमंड, तिलक, सुरेंद्र, गुलाब साहू, देवलाल, शुभम, बीरेंद्र पटेल, राजेन्द्र गन्नीर, छत्रपाल तारक समेत संघ के सदस्य व बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थी।



### निर्माण कार्यों से जुड़े लोग संगठित होकर आगे बढ़े

कुरुद की पुरानी मंडी में आयोजित इस जयंती समारोह में मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि कामगार और मजदूर देश के निर्माण की धड़कन है क्योंकि वे अपनी मेहनत और कौशल से राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, ठीक उसी तरह जैसे भगवान विश्वकर्मा ने विभिन्न संरचनाओं और अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था। यह दिन न केवल देवताओं के वास्तुकार को सम्मान देने का है, बल्कि यह समाज और देश के निर्माण में लगे सभी श्रमिकों, कारीगरों और तकनीकी विशेषज्ञों के योगदान को याद करने और उनका सम्मान करने का भी अवसर है। उन्होंने राजमिस्त्री संघ के सदस्यों से आव्हान किया कि वे क्षेत्र में कोई मजूदर असंगठित न रहे । उन्हें जोड़ने प्रयास करे। सरकारी मदद के लिए मैं हमेशा आपके साथ हूं।



### कुरूद में राजमिस्त्री मजदूर संघ की एकता एक मिसाल है

विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि राज मिस्त्री संघ के संगठन और एकता की मिसाल बीते कई वर्षों से देखने को मिल रही है। आज भगवान विश्वकर्मा की जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। बाबा विश्वकर्मा ने जो कला हमें दी है, उस कला में पारंगत होने सरकार की योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। आज देश को ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जो लोगों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जोड़ने का काम कर रहे हैं। श्रीमती चन्द्राकर ने कहा कि भवन निर्माण से जुड़े हुए संगठित एवं असंगठित निर्माण से जुड़े विश्वकर्मा बाबा के पुजारियों को अपने आने वाली पीढ़ी को नशा दुर्व्यसन से दूर रख इन कार्यों में कुशलता दिलाने की बात कही।

# गांवों को सुंदर, स्वच्छ और आत्मनिर्भर बनाने का लिया संकल्प

- एक ही दिन में कई गांवों में ग्रीन आर्मी और महिला कमांडो का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

सरपंच संघ कुरूद के नेतृत्व में संचालित मेरा गांव मेरा अभिमान अभियान के तहत गांवों में ग्रीन आर्मी और महिला कमांडो का गठन हो रहा है। एक ही दिन में ग्राम कोड़ापार, गणेशपुर, भेड़सर, देवरी, दरबा, उमरदा, नवागांव (कचना), भाठागांव, भेंडरवानी, करगा और बगौद में महिला कमांडो और ग्रीन कमांडो समिति का गठन हुआ और पूरे क्षेत्र ने एक स्वर में यह प्रण लिया कि गांवों को अब सुंदर ,स्वच्छ और आत्मनिर्भर बनाएंगे। इस संकल्प के पीछे सरपंच संघ कुरूद कीमहती भूमिका रही। संरक्षक टिकेश साहू नवागांव ने विचारधारा की मशाल जलाकर आंदोलन को दिशा दी।

कुरूद ब्लाक के सरपंच संघ अध्यक्ष हरिशंकर साहू खुरसेंगा ने संगठन को एक परिवार की तरह जोड़ते हुए उसकी शक्ति को दोगुना कर दिया। उन्होंने कहा कि मेरा गांव मेरा अभिमान अभियान के तहत गांव को नशामुक्त बनाने, स्वच्छता बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर लगाम कसने और अपराधों के नियंत्रण में विशेष जोर दिया जा रहा है। उपाध्यक्ष पुष्पलता साहू सरपंच भाठागांव और पूजा साहू दरबा ने महिला नेतृत्व को नई ऊर्जा दी। यह साबित किया कि महिलाएं गांव की तस्वीर बदलने में सक्षम हैं। कोषाध्यक्ष जयमित्र साहू सरपंच गोजी ने अपने प्रबंधन कौशल से इस अभियान को मज़बूती दी। महिला सरपंच ने अपने नेतृत्व से दिखा दिया कि गांव का असली उत्थान तभी होगा जब महिलाएं परिवर्तन की धुरी बनें। मजबूत संगठन और एकजुटता से गांव के विकास को नया आयाम दिया जा सकता है।



# सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में छात्रवृत्ति एक सशक्त मंच

- सुखराम नागे कालेज में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन छात्रवृत्ति पर छात्रों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में डॉ. मनदीप खालसा प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं डॉ. कविता प्रभारी के निर्देशन में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन छात्रवृत्ति पर विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सदानंद और सुश्री अनुश्री ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा संचालित स्नातक स्तर के प्रथम सेमेस्टर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड तथा इससे मिलने वाले अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को बताया कि यह छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहयोग ही नहीं, बल्कि शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में एक सशक्त मंच प्रदान करती है। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी मेहनत और लगन के बल पर इसका लाभ उठाकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। इस योजना में तीस हजार रु. की वार्षिक छात्रवृत्ति दी जायेगी ।

अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डा. रमेश देवांगन ने की। इस अवसर पर प्रो. आरआर मेहरा ने छात्रों से कहा कि ऐसी छात्रवृत्ति केवल शैक्षणिक प्रगति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिगत विकास के लिए भी महत्वपूर्ण अवसर साबित होती है। कार्यक्रम का संचालन डा. दीपा देवांगन ने किया। डा.कविता ने अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अश्वनी ध्रुव सहित प्रो. लोकेश्वरी राठिया, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, उर्वशी साहू, डॉ खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, सीता नेताम, नेहा राजन, डिलेश्वरी पटेल सहित 300 छात्र उपस्थित थे।



### शीतला मंदिर में लगाया कदम का पौधा



**नगरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर शीतला मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कदम का पौधा रोपा गया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष शांतनु ध्रुव, नरसिंह मरकाम सरपंच सिरसिदा, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य खेमन, जागेश्वर, उग्रसेन, पारसमणि, अजय, टिकेश्वकर, सरस्वती ध्रुव, चंदा, गोमती डाली, ध्रुव, हेमिन गीता यादव उपस्थित थे।

### कल्लेमेटा में मितानिनों को बीपी मशीन दी

**नगरी।** ग्राम कल्लेमेटा में मितानिनों को बीपी मशीन प्रदान की गई। इस अवसर पर सरपंच रूपेंद्र मरकाम, सुरीत कुमार, तुलाराम, यशोदा मांडवी, नविता मरकाम, पौनेश्वरी सोरी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। गांव में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और आमजनों को लाभ पहुंचाने की दिशा में उठाया गया यह कदम सराहनीय माना जा रहा है। मितानिनों को बीपी मशीन मिलने से ग्रामीणों के स्वास्थ्य की नियमित जांच होगी।

# एड्स पीड़ित व्यक्ति समाज का एक अभिन्न अंग



- छात्रों को एड्स के कारणों, लक्षण व बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा की रासेयो व रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम उन्मुखीकरण कार्यशाला हुई। छात्र-छात्राओं को एड्स के कारणों, लक्षण व बचाव के बारे में बताया। रेणु पटेल ने एचआईवी पॉजिटिव व एड्स के कारणों व लक्षणों की जानकारी दी।

डॉ एसके साहू ने कहा कि एड्स पीड़ित व्यक्ति समाज का एक अभिन्न अंग है। किसी भी कारणवश यदि वह एड्स जैसे लाइलाज बीमारी से ग्रसित हो गया है तो उसके साथ सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करने की आवश्यकता है। उनके साथ मित्रवत व्यवहार करने में उसकी जिजीविषा और बढ़ जाएगी। उनके साथ उठने बैठने, खाने पीने, हाथ मिलाने से एड्स का प्रभाव नहीं पड़ता बल्कि असुरक्षित यौन संबंध, एचआईवी पॉजिटिवयुक्त रक्त चढ़ाने, एचआईवी से संक्रमित सुई के आदि से ही एड्स फैलता है।

रासेयो स्वयंसेवकों को रासेयो की मूलभूत उद्देश्य के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इसकी महती आवश्यकता पर जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र साहू, रासेयो अधिकारी कामताप्रसाद साहू, रेणु पटेल, प्रीति साहू, एमएस साहू, संगीता साहू, किरण साहू, युवराज साहू, इतिबाला सोन आदि सहायक प्राध्यापकगण व रासेयो, रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवकों के साथ छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# नशा करने वाले व्यक्ति का पतन निश्चित है : उदय

- बगदेही स्कूल में नशामुक्ति जागरूकता पर हुई गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

शाउमावि बगदेही में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। अतिथि शक्ति टीम की श्रीमती लक्ष्मी कुर्रे, एसआई ईश्वर शंकर, कांस्टेबल सूरज देवदास, प्राचार्य शाउमावि बगदेही, नशा मुक्ति के अध्यक्ष डॉ.मनोज साहू, उदय कुमार सचिव, प्रबंधक कुमारी दुर्गेश ठाकुर थे। दुर्गेश ठाकुर ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र कुरूद में नशा पीड़ित व्यक्तियों को निःशुल्क उपचार की सुविधा के साथ मनोवैज्ञानिक तरीके से योगाभ्यास, मेडिटेशन एवं व्यायाम कराया जाता है।

उदय कुमार साहू ने बताया कि नशा से व्यक्ति को सामाजिक, मानसिक, पारिवारिक एवं आर्थिक तकलीफों से गुजरना पड़ता है। नशा करने वाले व्यक्ति का पतन हो जाता है। नशा नाश की जड़ होती है। डॉक्टर मनोज कुमार साहू ने कहा कि नशा से नुकसान ही होता है। छात्र-छात्राओं ने नशा से संबंधित कई प्रश्न किये। श्रीमती लक्ष्मी कुर्रे एवं ईश्वर शंकर ने नशे से हो रहे अपराध के बारे में जानकारी दी। बताया कि नशा अपराध की पहली सीढ़ी है। व्यक्ति नशा में अपराध करता है। नशे के कारण घटना, दुर्घटना होती है। साइबर क्राइम के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन प्राचार्य ने किया।

कार्यक्रम में नशा मुक्ति प्रभारी सुश्री दुर्गेश ठाकुर, प्रिया ठाकुर, तोमेंद्र ठाकुर, समाज सेवक तुलसीराम साहू, मेघराज साहू उपस्थित थे। इस दौरान 250 छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई।




## अंचल की खबरें

### पीएचसी जीजामगांव के मरीजों को फल वितरित



**जीजामगांव।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर ग्राम जीजामगांव के मुख्य चौक में सफाई कार्यक्रम, पौधरोपण एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जीजामगांव में मरीजों में फल वितरित किया। कार्यक्रम में सरपंच देवचरण चंद्राकर, आनंद गांधी, होरीलाल साहू, शुभमदास बघेल, चैतन्य गिरी, टकेश्वर साहू, ढालचंद साहू, कृष्ण कुमार साखरे, दुर्गेश साहू, संतराम साहू, खिलावान पटेल, टीकम पटेल, यीशु पटेल, गेवन्द्र साहू, रोहित साहू, विश्वनाथ सोनबेर, पापालाल साहू, हरि साहू, प्रमोद साहू, बीरेंद्र पटेल, जागेश्वर साहू एवं स्वच्छता दीदी और ग्रीन आर्मी के सदस्य मौजूद थे।

### छाती में मनी विश्वकर्मा जयंती



**पुरी।** ग्राम छाती में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। अरुण बघेल के परिवार ने पूजा, हवन, भोजन प्रसादी कराया। इस अवसर पर अभयराम, प्रेमशंकर, हेमंत सेन, संजय यदु, देवश्री साहू, लक्ष्मी साहू, संस्कृति साहू सहित सैकड़ों लोग पूजा-हवन में शामिल हुए। यह जानकारी नरेंद्र साहू ने दी।

### प्राथमिक शाला मेचका में हुआ न्योता भोज



**नगरी।** शाला विकास समिति प्राथमिक शाला मेचका की अध्यक्ष विमला ध्रुवा ने अपने पति पूनम साय ध्रुवा के जन्म दिवस पर शाला में न्योता भोज दिया। इस अवसर पर श्रीमती विमला ध्रुवा ने बच्चों को कापी, पेन भेंट किया और नवोदय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु प्रोत्साहित किया। मौके पर शाला समिति के सदस्य व पालकगण उपस्थित थे।

### हिंदी जन-जन की भाषा, इसे सहजता से सीख सकते हैं : भानु





**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल चटौद में हिंदी एवं ओजोन परत दिवस मनाया गया। भानु साहू ने बच्चों को बताया कि हिंदी जन-जन की भाषा है। इसे सरल एवं सहजता से सीख व लिख पढ़ सकते हैं। वासन्ती देवांगन, सन्तोष कंवर, प्रियंका शर्मा व्याख्याता ने भी अपने विचार रखे। ओजोन परत से होने वाले लाभ व हानि की जानकारी व्याख्याता कुलेश्वर साहू व आभा खरे ने दी। दोनों विषय पर बच्चों को 5 ग्रुप में बांटकर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य एचआर मरकाम ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में उत्साह एवं जिज्ञासा बढ़ती है। कार्यक्रम का संचालन कुलेश्वर साहू व्याख्याता ने किया। मौके पर दयानंद वर्मा, प्रतीक तिवारी, धनेश्वरी साहू, सुकृति चन्द्राकर समेत अन्य उपस्थित थे।

- हाईस्कूल चटौद में हिंदी एवं ओजोन परत दिवस मनाया गया

### हिंदी भाषा देश की शान व पहचान



**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि पचपेड़ी में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। छात्रों ने हिंदी का महत्व बताते हुए विभिन्न कविता एवं गीत प्रस्तुत किया। अतिथि वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रहास साहू ने हिंदी को राजभाषा बताते हुए इसका व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने की बात कही। प्राचार्य रवींद्र कोसरे ने हिंदी को दुनिया के विभिन्न विश्वविद्यालय में शिक्षण विषय के रूप में सम्मिलित करने की बात कही तथा एमबीबीएस पाठ्यक्रम की शिक्षा हिंदी भाषा के माध्यम से लागू करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार की प्रशंसा की। कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश सिन्हा ने हिंदी भाषा को देश की एकता और अखंडता के लिए अनिवार्य बताया। छात्रों से हिंदी भाषा का व्यापक प्रचार-प्रसार करते इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने सहयोग प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन गीतिका एवं लक्ष्मी ने किया।

- शाउमावि पचपेड़ी में हिंदी दिवस का हुआ आयोजन

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

12 कामगार और मजदूर देश के निर्माण की धड़कन है : अजय


14 गौ माता के साथ राष्ट्र सेवा का लिया संकल्प


## खबर संक्षेप

### दरगहन में रामायण स्पर्धा का समापन आज



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम दरगहन में ग्रामवासियों और राजमिस्त्री संघ के सहयोग से विश्वकर्मा जयंती पर दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है जिसका समापन आज होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी चुनेश यादव ने दी है।

### गोजी में रामधुनी स्पर्धा आज से

**सिर्री।** ग्राम पंचायत गोजी के बाजार चौक में ग्रामीण विकास समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 21 सितंबर तक रखा गया है। शुभारंभ गुरुवार को शाम 6 बजे किया जायेगा। स्पर्धा में क्षेत्र की ख्यातिप्राप्त 14 मंडलियां भाग लेंगी। समापन दिवस पर रविवार को रात्रि में जय अम्बे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी नीचेकोहड़ा राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी। शुभारंभ दिवस के मुख्य अतिथि जयमित्र साहू सरपंच गोजी होंगे। समापन दिवस के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत होंगे। यह जानकारी बरातू राम गंगोई ग्रामीण अध्यक्ष और देवलाल पाल सचिव ने दी।

### झिरिया में रामधुनी प्रतियोगिता 18 से



**पुरी।** ग्राम झिरिया में रामधुनी प्रतियोगिता 18 से 20 सितंबर तक रखी गई है। दीप प्रज्वलन एवं शुभारंभ के मुख्य अतिथि हरिनारायण साहू जनपद सदस्य धमतरी होंगे। अध्यक्षता चंद्रशेखर पटेल सरपंच झिरिया करेंगे। विशिष्ट अतिथि आशीष चंद्राकर, भानुप्रताप साहू, नेमीचन्द पटेल उपसरपंच झिरिया होंगे। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता मनराखन ध्रुव पूर्व सरपंच झिरिया करेंगे। विशिष्ट अतिथि पुनीताराम चंद्राकर, चोवाराम साहू, केशव साहू नयापारा होंगे।

### सलोनी में रामधुनी स्पर्धा आज से

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम सलोनी में गुरूवार से शनिवार तक रामधुनी स्पर्धा का आयोजन किया ज रहा है। 18 रामधुनी मंडलियां भाग ले रही हैं। रामधुनी स्पर्धा के उद्घाटन एवं दीप प्रज्वलन के मुख्य अतिथि ग्राम पटेल झंकेश्वर साहू होंगे। अध्यक्षता नरेश दीवान समिति अध्यक्ष करेंगे। विशिष्ट अतिथि ग्रामीण अध्यक्ष दानी नागेश, उपाध्यक्ष सेवकराम साहू, कोषाध्यक्ष यीशु मरकाम, सचिव कीर्तन साहू, लखन दीवान, अनारु ध्रुव, भादू राम साहू, दयासागर निषाद, लोकेश ध्रुव, राजेन्द्र ध्रुव एवं राधेश्याम नेताम होंगे। समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि अनीता ध्रुव जिला पंचायत सदस्य होंगी। अध्यक्षता अजय ध्रुव जिला पंचायत सदस्य करेंगे। विशिष्ट अतिथि सरपंच श्रीमती रोमी चंदन ध्रुव, श्रीमती चन्द्रकला साहू जनपद सदस्य, डा लक्ष्मी भारत सोनकर, शिक्षक तोषण ध्रुव, विनोद उइके, अधीक्षिका श्रीमती ललिता ध्रुव कन्या कमार आश्रम सलोनी होंगी। निर्णायक दानी नागेश, इन्द्रेश मेश्राम, सियाराम साहू और प्रभुराम साहू होंगे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री पेमिन साहू शुक्लाभाठा करेंगी। यह जानकारी समिति अध्यक्ष नरेश दीवान, उपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश साहू, सचिव उपसरपंच देवानंद साहू, कोषाध्यक्ष जगलाल यादव व संरक्षक अवधराम साहू ने दी ।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत 565 गांवों में सफलतापूर्वक कचरा कलेक्शन

# जिला बनेगा स्वच्छता में रोल मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अब धमतरी जिले को कचरा कलेक्शन में मॉडल बनाने का प्रयास शुरू हो गया है। 622 गांव में से 565 में सफलतापूर्वक कचरा कलेक्शन भी किया जा रहा है। कुछ गांव तो ऐसे हैं, जहां स्वच्छता कर की वसूली शत-प्रतिशत हो रही है। बाकी गांवों को भी कचरा कलेक्शन में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

लगातार प्रयास के बाद जिला पूर्ण रूप से ओडीएफ हो गया है। एक दो गांव में कुछ लोग हैं जो अभी भी बाहर शौच जा रहे हैं। इन लोगों को चेतावनी दी गई है। उधर ओडीएफ सफलता पूर्वक होने के बाद अब स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर गांव में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में 622 गांव हैं, जिसमें से 565 गांवों में कचरा कलेक्शन का काम बेहतर ढंग से हो रहा है। रांवा, जीजामगांव, गंगरेल, भटगांव, सारंगपुरी, सांकरा, फरसियां, पोटियाडीह, खरतुली सहित कई गांव ऐसे हैं, जहां पर कचरा कलेक्शन शत- प्रतिशत सफल हुआ है। जानकारी के अनुसार बड़े गांवों में रोजाना डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है। वहीं छोटे गांवों में एक दो दिन के अंतराल में कचरा कलेक्शन किया जा रहा है।

### फ्लो में आई शुल्क वसूली

कचरा कलेक्शन की सफलता के लिए स्वच्छता शुल्क की वसूली महत्वपूर्ण है। गांवों में स्वच्छता शुल्क वसूली तेज कर दी गई है। इस वित्तीय वर्ष के पांच माह में इन गांवों से 32 प्रतिशत स्वच्छता शुल्क की वसूली हो चुकी है। कुल 26 लाख रुपए शुल्क वसूली हुई है। जीजामगांव सहित कुछ गांव तो ऐसे हैं, जहां शत-प्रतिशत शुल्क वसूली हुई है। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता शुल्क से ही कचरा कलेक्शन करने वाली महिलाओं को मानदेय दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कचरा की छंटाई के बाद उसके विक्रय से भी अच्छी आमदनी हो रही है।



### समझाइश के बाद शुरू हुआ कलेक्शन

कुछ गांवों में अभी भी कचरा कलेक्शन शुरू नहीं हो पाया है। धमतरी और कुरूद के 57 गांवों में कचरा कलेक्शन कमजोर था या नहीं हो रहा था। नगरी और मगरलोड के 58 गांवों में यही स्थिति थी। इन गांवों के सरपंच, सचिवों की बैठक लेकर समझाइश दी गई। कचरा कलेक्शन को सफल बनाने के लिए टिप्स भी दिए गए। इसके बाद सरपंच और सचिवों ने अपने-अपने गांवों में जाकर कचरा कलेक्शन पर फोकस किया। बैठक के बाद 45 गांवों में और कचरा कलेक्शन शुरू हुआ है।

### सड़कों पर नहीं दिखता कचरा का ढेर

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों पर लगातार नजर रखे हुए हैं। इसी का नतीजा है कि धमतरी जिला कचरा कलेक्शन में अच्छा परफार्मेंस दे रहा है। मिशन के तहत जिले के सभी गांवों को कचरा कलेक्शन में मॉडल के रूप में विकसित किया जाना है। अब तक 30 गांव इस चुनौती में सफल हुए हैं। अब इन गांवों में सड़क किनारे कचरा दिखाई नहीं देता है।

### करना है बेहतर काम

गांवों को मॉडल के रूप में विकसित किया जाना है। इसके लिए हर गांव में कचरा कलेक्शन, सोख्ता गड्ढा, सार्वजनिक शौचालय, स्कूल व आंगनबाड़ी सहित अन्य सरकारी भवनों में शौचालय, हर घर शौचालय की व्यवस्था पर फोकस किया जा रहा है। चौक-चौराहों, मंदिर, बाजार व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता सुनिश्चित की जा रही है। - **रविंद्र वर्मा**, *स्वच्छ भारत मिशन*

# आमदी नगर पंचायत में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर नगर पंचायत आमदी में भारतीय जनता पार्टी के संगठन और सरकार के स्तर पर सेवा कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है। धमतरी महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ हुआ है, जो 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। रामू रोहरा ने सुबह स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नया तालाब में झाड़ु लगाकर सफाई की और दुर्गा मंदिर परिसर में तुलसी के पेड़ का पौधारोपण किया। इस अवसर पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने भी श्रमदान किया और सफाई के प्रति यजागरूकता का संदेश दिया। यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। पहले दिन जिला के महामंत्री महेंद्र पंडित, मंडल के अध्यक्ष विजय जैन, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू, उपाध्यक्ष कोमल यादव, सभापति उमानंद कुंभकार, सुनिता साहू सभापति, जगेश्वर नेताम सभापति, सरिता साहू सभापति, नारायण मटियारा पार्षद त्रिभुवन मटियारा संतोषी साहू पार्षद किरण साहू पार्षद छबलु साहू पार्षद लक्ष्मी पटेल पार्षद, नीलकंठ साहू कामता साहू महेंद्र, जागेश्वर साहू बेणीराम साहू कृपाल साहू तरुण साहू उमेश साहू भूषण साहू एवं नगर पंचायत के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिना अनुमति के आठ बबूल वृक्षों की कटाई

- अध्यक्ष ग्राम विकास समिति पर 10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम शंकरदाह में सड़क किनारे बिना अनुमति के आठ नग बबूल वृक्षों की कटाई करने का मामला सामने आया है। नायब तहसीलदार धमतरी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था कि खसरा नंबर 438 स्थित सड़क पर गौठान रास्ते के सामने ये वृक्ष काटे गए, जिसके लिए राजस्व एवं वन विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई।

ग्राम पंचायत शंकरदाह की सरपंच श्रीमती रमी गौतम एवं ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष दीपक साहू ने जवाब में बताया कि बरसात के दौरान नहर से लेकर बलियारा पुल तक पानी भर जाता है, जिससे मार्ग बाधित होता है। स्कूली बच्चों एवं राहगीरों को आवागमन में कठिनाई होती है तथा धान खरीदी केंद्र से भारी वाहनों का आवागमन भी प्रभावित होता है। उन्होंने तर्क दिया कि वृक्ष सड़क पर झुक गए थे और दुर्घटना की संभावना बनी हुई थी, इसलिए जनहित में कटाई की गई। साथ ही अनुमति नहीं लेने के लिए क्षमा भी मांगी। अतिरिक्त तहसीलदार धमतरी एवं हल्का पटवारी की स्थल जांच रिपोर्ट के आधार पर यह तथ्य स्पष्ट हुआ कि वृक्ष कटवाने की जिम्मेदारी दीपक साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति की है। वृक्ष कटाई नियम के तहत उन पर 10,000 रुपए अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। साथ ही काटे गए वृक्षों की संख्या का 10 गुना नए पौधों का रोपण ग्राम पंचायत की निगरानी में कराया जाए।

# निर्माण और सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की हुई पूजा

- कल कारखाने, उद्योग धंधे, राइस मिल, फैक्ट्रियों में काम बंद रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

निर्माण और सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर भक्तों ने विधि-विधान से पूजा की। दिनभर भजन-कीर्तन व रात्रि में सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रम हुआ। दूसरे दिन 18 सितंबर को हवन-पूजन, आरती पश्चात वृहद भंडारा का आयोजन हुआ, पश्चात रूद्री घाट में प्रतिमा विसर्जित हुई।

17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर श्रमिकों, मिस्त्री, ठेकेदारों, निर्माण से जुड़े मजदूरों ने दिनभर कल कारखाने, राइस मिल, फैक्ट्री में काम बंद रखा। सभी ने प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।



प्रसादी वितरण पश्चात दिनभर भजन कीर्तन हुआ।

घड़ी चौक में राजमिस्त्री पेटी ठेकेदार श्रमिक संघ धमतरी ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा पाठ किया। संघ के अध्यक्ष तिलक देवांगन ने बताया कि विश्वकर्मा पूजा को देखते हुए सभी सदस्यों ने काम बंद रखा। सभी ने पूजा में उत्साह से भाग लिया। 17 सितंबर को दोपहर 12 बजे प्रतिमा की स्थापना पूजा, पाठ, आरती, प्रसादी वितरण हुआ। शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ। 18 सितंबर को सुबह हवन-पूजन, आरती पश्चात भंडारा का आयोजन हुआ। 10 हजार भक्तों के लिए प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है। इसके बाद शोभायात्रा निकालकर रूद्री घाट में बाजे-गाजे के साथ प्रतिमा विसर्जित होगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने बंशी साहू, चंद्रहास यादव, छगनलाल, रमेश साहू, राजेंद्र साहू, सरस पटेल, शांतिलाल सिन्हा, सतीश साहू, राजू, रूपेश देवांगन, मोहन ध्रुव, संतोषकुमार, राजेश, रेखु, धनराज साहू, बल्लू साहू, विद्यासागर सहित सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

### गैरेज लाइन में मैकेनिकों-मिस्त्रियों ने पूजा की



बस्तर रोड में बाम्बे गैरेज मोटर मैकेनिक एवं पार्ट्स विक्रेता संघ के सदस्यों ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। दिनभर भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। 18 सितंबर को हवन पूजन के बाद महाआरती होगी। हजारों भक्तों के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई है। शाम को प्रतिमा का विसर्जन होगा। मौके नी श्रीकांत पात्रे, सर्वजीतसिंह भाटिया, चीनु भाटिया, गगन चोपड़ा, संतु, जयेश मेहता, रमन चोपड़ा, पप्पू जैन, धनश्याम सिंग, वीरकुमार, आकाश बंजारे सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

# जीएसटी रिफॉर्म से निकायों की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन ने की। इस दौरान महापौर रामू रोहरा एवं आयुक्त सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक का प्रमुख एजेंडा जीएसटी रिफॉर्म रहा, जिस पर सभी पार्षदों ने विस्तार से चर्चा की। गहन विचार-विमर्श के बाद सभा ने सर्वसम्मति से इस सुधार का स्वागत करते हुए प्रस्ताव पारित किया। पार्षदों ने इसे नगर निकायों एवं आम नागरिकों के हित में ऐतिहासिक एवं दूरगामी निर्णय बताया। सभा में यह निर्णय भी लिया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विशेष आभार पत्र सौंपा जाएगा। पार्षदों ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और नगर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। बैठक में अन्य आवश्यक विषयों पर भी चर्चा की गई।

# पुलिस लाइन में यंत्रों व उपकरणों की हुई पूजा

- सुरक्षा व्यवस्था में मजबूती का मांगा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विश्वकर्मा जयंती पर पुलिस लाइन में पारम्परिक रूप से यंत्रों, उपकरणों एवं वाहनों की पूजा की गई। बुधवार को पुलिस लाइन में स्थित एमटी शाखा में विश्वकर्मा जयंती पर यंत्रों, उपकरणों एवं वाहनों की पूजा श्रद्धा और विधि-विधान से की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने विश्वकर्मा जयंती पर हवन पूजन कर पुलिस परिवार एवं जिलेवासियों की सुख, समृद्धि, शांति और प्रगति की मंगल कामना की। पूजा -अर्चना उपरांत भगवान विश्वकर्मा से कार्य क्षेत्र में निरंतर उन्नति, कार्य के प्रति समर्पण एवं सुरक्षा व्यवस्था में मजबूती के साथ सभी के कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा। भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि और उपकरण, शिल्प, कला का देवता माना जाता है।





विश्वकर्मा जयंती पर पुलिस विभाग ने अपने वाहनों, यंत्रों, उपकरणों, मशीनों एवं अन्य कार्य सामग्री की पूजा कर सुरक्षित, सफल और सुचारू संचालन की कामना की। इसके साथ ही विजयादशमी के अवसर पर पुलिस लाइन में अस्त्र-शस्त्र की भी पूजा का विधान है।

इस अवसर पर एएसपी मणिशंकर चंद्रा, होमगार्ड कमांडेट शोभा ठाकुर, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, एमटीओ खान सहित पुलिस लाइन के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# विश्वकर्मा जयंती पर संजीवनी कर्मियों ने की एम्बुलेंस की पूजा



**धमतरी।** संजीवनी 108 के कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर एम्बुलेंस वाहन की पूजा कर विश्वकर्मा जयंती मनाई। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर जिले में संजीवनी 108 एम्बुलेंस सेवा के कर्मचारियों ने जिला प्रबंधक गीतेश पाली के नेतृत्व में उत्साह और श्रद्धा के साथ विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। भगवान विश्वकर्मा को सृजन तकनीक व यांत्रिकी के देवता के रूप में पूजा जाता है। इस अवसर पर संजीवनी 108 के कर्मियों ने सामूहिक रूप से कार्यस्थल पर सुरक्षा, वाहन संचालन में सुचारूता और जनसेवा की निरंतरता के लिए विशेष प्रार्थना की। पूजन के बाद जिला प्रबंधक गीतेश पाली ने कहा कि 108 एम्बुलेंस सेवा जनजीवन की रक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। विश्वकर्मा पूजन जैसे अवसर हमें संकल्प दिलाते हैं कि हम पूरी निष्ठा और समर्पण से जनता की सेवा करें। इस दौरान संजीवनी 108 के पायलट तोम पाल, प्रदीप साहू, धनंजय साहू, धीरेंद्रकुमार, गोपीकिशन साहू तथा ईएमटी चित्रसेन साहू, खिलेश्वर, तुलसी, अनिल साहू, रेश्मी सेन, एवन साहू सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने भगवान विश्वकर्मा से जनहित के सेवा कार्य की सफलता के लिए आशीर्वाद मांगा।

शिक्षाकर्मी वर्ग 3 में 150 के विरूद्ध 172 पदों पर भर्ती की गई

# सोलह साल बाद शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाले के तीन आरोपी न्यायालय में पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मगरलोड जनपद पंचायत में हुए शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाले के चार आरोपी और गिरफ्तार किए गए हैं। इसमें से तीन आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। चौथे की तबीयत खराब होने के कारण उसे न्यायालय में पेश नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि यह कार्रवाई प्रकरण दर्ज होने के 16 साल बाद हो रही है।

फर्जी शिक्षाकर्मी भर्ती के मामले में अब धीरे-धीरे कार्रवाई और गिरफ्तारी हो रही है। इस मामले को चंदना निवासी आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णकुमार साहू ने उठाया था। श्री साहू ने बताया कि मामले की शुरूआती दौर में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। क्षेत्र के नागरिकों को सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी तक नहीं दी जा रही थी। मुख्य सूचना आयुक्त के आदेश के बाद इस मामले से जुड़ी जानकारी सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मिली। मामले की पड़ताल की तो घोटाला उजागर हुआ। शिक्षाकर्मी वर्ग 3 में 150 पद के विरूद्ध 172 पदों पर भर्ती की गई। यही नहीं बड़ी संख्या में अपात्र लोगों को नियुक्ति दी गई थी। लगभग 140 पदों पर कूटरचित योग्यता प्रमाण पत्र, अमान्य प्रमाण पत्र, एनसीसी, स्काउट गाइड, खेल प्रमाण, अनुभव प्रमाण पत्र, डीएड प्रमाणपत्रों के अलावा फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट का उपयोग कर अपात्र लोगों की भर्ती की गई। कई नाबालिगों को भी नौकरी दे दी गई थी। घोटाला उजागर होने के बाद अब तक 19 लोगों की नौकरी समाप्त की जा चुकी है। वहीं बड़ी संख्या में फर्जी शिक्षाकर्मियों ने इस्तीफा दे दिया है। कार्रवाई का दौर जारी है। सम्पूर्ण जांच डायरी प्राप्त होते ही शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाला के प्रमुख आरोपी छानबीन समिति के सचिव रहे कमलाकांत तिवारी तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मगरलोड को पुलिस अधीक्षक के निर्देश व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुरूद के नेतृत्व में मगरलोड पुलिस, करेली बड़ी चौकी प्रभारी व थाना प्रभारी कुरूद ने जाल बिछाकर मिलाई स्थित उनके निवास से गिरफ्तार कर जिला एवं सत्र न्यायाधीश धमतरी के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से 2 अगस्त को उन्हें रिमांड में जिला जेल धमतरी दाखिल किया गया। शिक्षाकर्मी वर्ग 3 की भर्ती हेतु गठित चयन कमेटी के तत्कालीन सदस्य भरतलाल साहू तथा श्रीमती संतोषी साहू का निधन हो चुका है।

इसी प्रकार आरोपित शिक्षाकर्मी पुष्पजीत साहू, तारेन्द्र कुमार ध्रुव, कृष्ण कुमार साहू, छम्मन लाल साहू, गजेन्द्र घृतलहरे, देवचरण बघेल, अंजनि यदु, ऐमन ध्रुव, देवेन्द्र कुमार, महेश कुमार साहू, दिलीप कुमार साहू, श्रीमती अनिता पटेल, महेन्द्र साहू, राजू सहित 17 शिक्षाकर्मियों का निधन हो चुका है। चयन कमेटी के तत्कालीन मेम्बर श्याम साहू जनपद अध्यक्ष, नीलकंठ सिन्हा, शत्रुहन साहू एवं नारायण ध्रुव तथा शिक्षाकर्मी लता साहू उच्च न्यायालय बिलासपुर से अग्रिम जमानत पर हैं।

### इन पर हुई कार्रवाई

फर्जी प्रमाण पत्र और अंक तालिका में हेरफेर कर चयन करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ईशु कुमार निवासी कमरौद थाना मगरलोड, सीताराम निवासी मेघा थाना मगरलोड और कोमल सिंह निवासी मोहंदी थाना मगरलोड को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में पेश कर जेल भेजा गया है। आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णकुमार साहू ने बताया कि एक और आरोपी की गिरफ्तारी हुई है, लेकिन शायद आरोपी का स्वास्थ्य खराब हो गया था। उसे न्यायालय में पेश नहीं किया गया।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### केके ढांड को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**धमतरी।** नगर पालिक धमतरी के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता केके ढांड का अंतिम संस्कार बुधवार को देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम रायपुर में किया गया। सी-19, सेक्टर 2, अवंति विहार रायपुर चार स्थित उनके आवास में लोगों का तांता लगा रहा। अंतिम यात्रा में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, प्रदीप लोढ़ा सहित अन्य उपस्थित थे।

### बोरझरा के दिलीप का नेवी में चयन



**धमतरी।** ग्राम बोरझरा के दिलीप कुमार पिता भगत पटेल का चयन 18 वर्ष की उम्र में भारतीय नौ सेना में हुआ है। वे ट्रेनिंग के लिए रवाना हुए। उन्हें विदा करते वक्त रामगुलाल पटेल, राजाराम पटेल, कोमल पटेल, रेखराम पटेल, ओंकार पटेल, हेमलाल पटेल, डोमन लाल साहू अध्यक्ष साहू समाज, नारायण लाल सिन्हा अध्यक्ष सिन्हा समाज, लक्ष्मीकांत बंजारे अध्यक्ष सतनामी समाज, करण रात्रे, गोपी पटेल, हिरेश पटेल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### गोकुलपुर वार्ड में हुई रामधुनी प्रतियोगिता





**धमतरी।** गोकुलपुर वार्ड में तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता हुई। समापन अवसर के मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर थे। श्री रोहरा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रामधुनी कार्यक्रम केवल सनातन धर्म को ही मजबूत नहीं बनाता बल्कि भगवान राम के बताए मार्ग पर चलने की सीख देता है। हर व्यक्ति को अपने धर्म के प्रति आस्थावान होना चाहिए। कार्यक्रम में वार्डवासियों की मांग पर शेड निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर वार्ड अध्यक्ष भगवानसिंग यादव, विजय साहू, कमलेश ध्रुव, अस्मत साहू नामदेव साहू, महेश साहू, उपेन्द्र साहू, अशोक साहू, गजेंद्र कंवर पार्षद, पूर्व पार्षद महेश साहू, विजय साहू, तुलसी साहू, देवनाथ यदु, गोपाल साहू, रामेश्वर गंगबेर, मोहन साहू, शिवाजी साहू समेत अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर प्रीतेश ने राष्ट्रीय गौशाला में गौ माता को आहार परोसा

# गौ माता के साथ राष्ट्र सेवा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ। इसी सेवा कार्य से सरोकार रखते हुए भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने राष्ट्रीय गौशाला में पहुंचकर गौ माता को विभिन्न प्रकार का आहार परोसते हुए राष्ट्र की सेवा, धर्म की सेवा तथा जनता की सेवा का संकल्प दोहराया।

गौशाला में मौजूद महापौर रामू रोहरा ने कहा कि राष्ट्र, राम, रक्षा तथा रोटी के माध्यम से समग्र देश के नागरिकों की सेवा करने वाले व्यक्तित्व का नाम ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है और जिसके कारण ही भारत का तेजी से विकास हो रहा है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री को जाता है।

प्रीतेश गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार के मुखिया के रूप में पिछले तीन पंचवर्षीय कार्यकाल से प्रधानमंत्री ने देश के आम जनमानस के बीच लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव में विजय प्राप्त तो की ही है लेकिन उनकी लोकप्रियता यहां दर्शाती है कि उन्होंने चुनाव के साथ-साथ लोगों का दिल और विश्वास जीता है और यही आधार आत्मनिर्भर विकसित भारत 2047 तक मां भारती को विश्व पटेल पर स्थापित करने का पवित्र एवं सार्थक माध्यम बनेगी। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर श्री गांधी अनवरत 26 वर्षों से निरंतर गौ सेवा कार्यों का निर्वाह कर रहे हैं। मौके पर पूर्व पार्षद राजेंद्र शर्मा, पार्षदगण पिंटू यादव, मेघराज ठाकुर, कुलेश सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा गौशाला ट्रस्ट के प्रमुख सदस्य उपस्थित थे।

# विश्व पटल पर पीएम मोदी ने भारत का गौरव बढ़ाया : विकास

- मोदीजी के 75वें जन्म दिवस पर 75 सिंदूर के पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम सांकरा स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में बुधवार को वैद्यराज सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास मरकाम अध्यक्ष छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परम्परा एवं औषधीय पादप बोर्ड थे। विशिष्ट अतिथि जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, जिपं सभापति अजय ध्रुव, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता रवि दुबे, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व महामंत्री कमल डागा, जनपद सदस्य दुर्गेश नंदनी साहू, हेमलता साहू, महामंत्री रूपेंद्र साहू, सरपंच जीवन नाग थे।

इस अवसर पर विकास मरकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत का विश्व पटल पर गौरव बढ़ा है। पाकिस्तान जैसे देश को भी भारत की ताकत और निर्णय क्षमता के आगे घुटने टेककर माफी मांगनी पड़ी। मोदी जी ने देश की माताओं-बहनों के सम्मान की रक्षा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस अवसर पर ग्राम पंचायत साकरा के रीपा सेंटर में 75 सिंदूर के पौधों का रोपण किया गया। सिंदूर भारतीय संस्कृति और नारी सम्मान का प्रतीक है। आज का यह पौधरोपण परंपरागत चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी संदेश देता है।

श्री मरकाम ने आगे बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में परंपरागत वैद्यराज संघ की सदस्य संख्या लगभग 2200 है। संगठन ने मांग की कि सभी पंजीकृत वैद्यराजों को मासिक मानदेय एवं प्रमाण पत्र राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही गांव-गांव और स्कूलों में हर्बल गार्डन स्थापित करने का संकल्प लिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि परंपरागत चिकित्सा पद्धति हमारे समाज की अमूल्य धरोहर है। इसे आगे बढ़ाने के लिए संगठित प्रयास आवश्यक है। बोर्ड के सीईओ श्री राव ने कहा कि माताएं-बहनें यदि सिंदूर के पौधे को घरों में लगाएं तो वे एक बेहतर मासिक आमदनी कमा सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि औषधीय पौधों का व्यावसायिक तरीके से रोपण और उत्पादन कर इन्हें बेहतर जीविका का साधन बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष रामप्रसाद निवारे, प्रांताध्यक्ष निर्मल अवस्थी सचिव वनौषधि राज्य संघ छग, तुलसीराम ओटी अध्यक्ष वैद्यराज संघ, सचिव उत्तम ध्रुव, कोषाध्यक्ष मानाराम साहू, संतोष पटेल, द्वारका प्रसाद साहू, नंदकुमार असलम साहू संचालक मंडल सदस्य छग राज्य सहकारी विपणन संघ रायपुर, दुलाराम ओटी अध्यक्ष परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्यराज संघ, अमृत लाल सचिव वैद्यराज संघ सहित अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, पंच-सरपंच एवं सामाजिक कार्यकर्ता के अलावा वन मण्डलाधिकारी कृष्ण जाधव, एसडीओ वन नगरी जितेंद्र साहू, टीआई नगरी चक्रधर बाघ सहित बड़ी संख्या में वन औषधीय पादप बोर्ड, वन विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

#### बीज का उपयोग औषधियों के निर्माण में

बोर्ड के सीईओ जेएसीएस राव ने बताया कि सिंदूरी पौधे का रोपण कोई भी व्यक्ति अपनी बाड़ी में कर सकता है। सिंदूरी के 20 से 25 पेड़ से प्रतिवर्ष 3000 से 4000 रूपए आसानी से कमाए जा सकते हैं। सिंदूरी पौधे से फल 2 साल बाद प्राप्त होने लगते हैं। फलों के अंदर से बीज निकलते हैं। बीज का उपयोग कई प्रकार की औषधियों के निर्माण में किया जाता है। इन बीजों से कई प्रकार के सौंदर्य प्रसाधन उत्पादन भी बनाए जाते हैं। सिंदूरी के पौधे से प्राप्त बीजों की कीमत 300 से 400 प्रति किलो ग्राम तक होती है।

# श्रृंगी ऋषि पर्वत हमारी सांस्कृतिक धरोहर : अरुण

- पीएम मोदी के जन्मदिवस पर श्रृंगी ऋषि पर्वत में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सिहावा स्थित पवित्र श्रृंगी ऋषि पर्वत पर विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने किया। अभियान का उद्देश्य केवल पर्वत की सफाई करना ही नहीं था, बल्कि स्थानीय नागरिकों में सेवा, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना भी रहा। श्री सार्वा ने कहा कि श्रृंगी ऋषि पर्वत केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। ऐसे पवित्र स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है।

इस अभियान के दौरान प्रतिभागियों ने श्रमदान कर श्रृंगी ऋषि पर्वत परिसर में फैली गंदगी, प्लास्टिक और कचरे को साफ किया। पर्वत की स्वच्छता देखकर ग्रामीणों में उत्साह और गर्व की भावना देखने को मिली। लोगों ने संकल्प लिया कि भविष्य में नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर इस पवित्र स्थल को स्वच्छ और सुरक्षित रखा जाएगा। यह अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं था, बल्कि सेवा और सद्भावना का जीवंत उदाहरण था। मौके पर अनिल वाधवानी, उपसरपंच सुनील यादव, लकेश्वर यादव, चंद्रभान देव, चंद्रकांत शांडिल्य, गिरीश शांडिल्य, हलधर शार्दुल, जीवन शांडिल्य, मंशा गौर, दिलीप शांडिल्य, तोरण नाग, गायत्री शांडिल्य, सरिता शांडिल्य, गोदावरी शांडिल्य, नवलीबाई, केशनी शार्दुल, अंजनी शांडिल्य, चंद्रिका सूर्यवंशी, मायाबाई, गीता शांडिल्य, सुरेखा शांडिल्य, बिंदाबाई, ईश्वरी यादव, सुमरित नाग मौजूद थे।



# निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा : प्रिया

- निगम आयुक्त एवं अधिकारियों ने किया अटल परिसर व बॉक्स क्रिकेट मैदान का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम आयुक्त ने अटल परिसर तथा निर्माणाधीन बॉक्स क्रिकेट मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के उपरांत आयुक्त प्रिया गोयल ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो।

आयुक्त ने कहा कि अटल परिसर नागरिकों के लिए एक प्रमुख सुविधा केंद्र बनेगा, जहां लोगों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का लाभ मिल सकेगा। बॉक्स क्रिकेट मैदान युवाओं के लिए खेल और मनोरंजन का एक महत्वपूर्ण स्थल साबित होगा, जिससे उनकी प्रतिभा निखरने के साथ-साथ शहर में खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उपायुक्त पीसी सार्वा ने मौजूद अधिकारियों को कार्य की गति और तेज करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विश्वास जताया कि अटल परिसर और बॉक्स क्रिकेट मैदान आगामी दिनों में पूर्ण होकर इसे जनता को समर्पित किया जायेगा। विजिट के दौरान कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत, उप अभियंता कमलेश ठाकुर व शशांक मिश्रा मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीपीएस स्कूल में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती



**धमतरी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में बुधवार को विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। इस अनुष्ठान के तहत स्कूल परिवहन और सेवाओं में प्रयुक्त वाहनों की परंपरानुसार पूजा की गई और सुरक्षा एवं सुचारू संचालन के लिए आशीर्वाद मांगा गया। समारोह में स्कूल के निदेशक धीरज अग्रवाल और श्रीमती निधि अग्रवाल एवं प्राचार्य डा. नितिन कुमार शर्मा उपस्थित थे। उन्होंने औजारों, तकनीक और परिवहन के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर स्कूल परिसर को सजाया गया था। कर्मचारियों और ड्राइवरों के पूजा अनुष्ठान में भाग लेने से वातावरण भक्तिमय हो गया। धीरज अग्रवाल ने दैनिक जीवन और कार्य में सहायक उपकरणों के सम्मान के महत्व पर जोर दिया। श्रीमती निधि अग्रवाल ने छात्रों के मूल्यों को आकार देने में ऐसे समारोह के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी शैलेष बाजपेयी, समन्वयक सतप्रीत सिंग धंजल एवं रोहित कुमार मौजूद थे।

### अग्रसेन जयंती महोत्सव 22 को



**धमतरी।** अग्रकुल प्रवर्तक अग्रसेन भगवान की 5149 वीं जयंती क्वांर अश्विन शुक्ल एकम 22 सितंबर को हर्षोल्लास के साथ सामाजिक लोगों के साथ मिलकर धूमधाम से मनाई जाएगी। अग्रवाल समाज की सचिव श्रीमती अनीता मदन गोयल ने बताया कि श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य पर अग्रवाल महिला समिति द्वारा धमतरी में विभिन्न प्रकार के खेलकूद व सांस्कृतिक प्रोग्राम का कार्यक्रम सुचारू रूप से शुरू हो चुका है। जो की 13 सितंबर को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं रखी गई और 14 तारीख को महिलाओं के लिए क्रिकेट का प्रोग्राम रखा गया था। इसी तरह अग्रवाल समाज में 22 तारीख तक कुछ ना कुछ प्रोग्राम चलते रहेंगे। सभी कार्यक्रम में अग्रवाल महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। इस अवसर पर अग्रवाल समाज की अध्यक्षा श्रीमती अनीता प्रदीप अग्रवाल, सचिव श्रीमती अनीता मदन गोयल, उपाध्यक्ष श्रीमती कुसुम अग्रवाल, सह सचिव श्रीमती प्रीति निर्मल गुप्ता, रिंका गिनोरिया, ममता अग्रवाल, वीणा गोयल, कविता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, ललित अग्रवाल, राधा अग्रवाल, नेहा लाट, सुधा अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, स्वर्ण लता गोयल आदि बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### प्रेस क्लब ने दी सुप्रसिद्ध कवि सुरजीत को श्रद्धांजलि




**धमतरी।** प्रेस क्लब द्वारा प्रेस क्लब भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध कवि सुरजीत नवदीप एवं शहर के वरिष्ठ नागरिक केके ढांड को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रेस क्लब अध्यक्ष विशाल ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश पांडे व उमेश बशिष्ट सहित अन्य पत्रकारों ने सुप्रसिद्ध कवि सुरजीत नवदीप की जीवनी पर प्रकाश डाला। उनके साथ बिताए यादगार पलों को साझा किया। उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर साहित्य जगत के लिए इसे बड़ी क्षति बताया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष नरेश श्रोती, सचिव राज सोनवानी, सहसचिव सत्येंद्र शर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी दिनेश देवांगन, पवन साहू, मुस्तफा दाऊदी, लोकेश करैत, कृष्णाराव जगताप, अवधेश पांडे सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे। इस अवसर पर उभरते कवि मोहम्मद तारिक ने अपनी कविता के माध्यम से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।




By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक: 26 अक्टूबर 2025, 08 नवंबर 2025, 07 दिसंबर 2025, 21 दिसंबर 2025 — 10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)


# स्वरोजगार के लिए किसी जाति वर्ग की बाध्यता नहीं : अजय

### विश्वकर्मा जयंती पर चारभाठा में रंगमंच का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



ग्राम पंचायत चारभाठा में ग्रामवासियों के सहयोग से विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर प्रतिमा स्थापित की गई। मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने 4 लाख की लागत से बनने वाले रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी ने की। विशिष्ट अतिथि शकुन्तला देवांगन सभापति जनपद पंचायत कुरूद, चन्द्रकला देवांगन सरपंच चारभाठा, रूपचंद देवांगन प्रतिनिधि सभापति जनपद पंचायत कुरूद, उदय चतुर्वेदी अध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस चारभाठा, गोवर्धन देवांगन सचिव ग्रामीण कांग्रेस चारभाठा, निरंजन साहू उपसरपंच, नारायण देवांगन आरआई मगरलोड थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में लगातार सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। अगर गांव में अनैतिक, गैर संवैधानिक कार्य दिखे तो ग्रामीणों को स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ उसके विरोध में आवाज उठानी चाहिए। लोकल फॉर वोकल के बारे में बताते हुए कहा कि गांवों में उत्पादित वस्तुओं को स्थानीय ग्राहकों द्वारा खरीदा जाए तो इससे स्वरोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। स्वरोजगार के लिए जात पात की बाध्यता नहीं है। किसी भी जाति, वर्ग का व्यक्ति किसी भी कार्य के साथ स्वरोजगार की शुरुआत कर सकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा चलाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा की शुरुआत गांव के तालाब किनारे स्वच्छता अभियान चलाकर की गई।

दोपहर 12 बजे विधायक अजय चंद्राकर सहित गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं, लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल, चंद्रकला देवांगन सरपंच चारभाठा, थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल, रूपचंद देवांगन प्रतिनिधि सभापति जपं कुरूद, मेमचंद देवांगन सरपंच प्रतिनिधि आदि ने तालाब किनारे झाड़ू लगाकर कचरा साफ किया। इसके अलावा अतिथियों ने तालाब किनारे फलदार पौधे लगाए। मौके पर पंचायत सचिव ग्रीष्मा साहू, पंचगण राधिका निषाद, ललित साहू, जागृति निषाद, रीना, टीकम साहू, मेमचंद देवांगन, सावित्री निषाद, कीर्तनी नगारची, उर्मिला निषाद, लक्ष्मी लहरे, मुरली प्रसाद देवांगन पूर्व सरपंच, भोजराम सोनकर, थनवार सोनकर, गौरव देवांगन, पुराणिक साहू, देवनारायण साहू, प्रफुल्ल राव, वंदना गावांडे, पूर्णिमा सोनकर, राधिका, गिरिजा, मुकेश्वरी साहू, टेमिन साहू, डगेश्वरी, सोना सोनकर सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411